# CLASS –III HINDI HW WORKSHEET
# SUBMISSION DATE: 1 NOV. 2013

बागवानी का शौक प्रायः सभी लोगों को होता है। कुछ लोग घर के पीछे बगीचे में या आँगन में पौधे लगाते हैं। जिनके पास ज़मीन नहीं होती, वे गमलों में पौधे लगाते हैं। कुछ लोग गुलाब, जूही, चंपा, चमेली आदि रंग-बिरंगे फूलों के ही पौधे लगाते हैं और कुछ क्यारियों में साग-सब्ज़ियों के पौधे भी उगाते हैं। जिनके पास ज़मीन ज़्यादा होती है, वे नीबू, आम, अमरूद, जामुन आदि के पेड़ भी लगाते हैं। बागवानी करनेवालों को अपने पेड़-पौधों से बहुत प्यार होता है। वे बड़े प्यार से उनकी देखरेख करते हैं। बागवानी के कई लाभ हैं। इनसे हमें शुद्ध हवा तो मिलती ही है,साथ ही फल, फूल, सब्ज़ियाँ भी मिलती हैं।

1. **हम गमलों में क्या-क्या उगाते हैं?**
   ..............................................................................................

2. **गमले में खिलनेवाले चार फूलों के नाम बताएँ।**
   ..............................................................................................

3. **तीन फलों के वृक्षों के नाम बताएँ।**
   ..............................................................................................

4. **जिनके पास ज़मीन ज़्यादा होती है वे कौन-कौन से पेड़-पौधे लगा सकते हैं?**
   ..............................................................................................

5. **हमें पेड़ों से क्या-क्या मिलता है?**
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................